**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.03.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 38 पीड़ितों के खाते में कुल 35 लाख 79 हजार 791 रुपये कराये गये वापस।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 38 पीड़ितों के खाते में कुल 35 लाख 79 हजार 791 रुपये वापस कराये गये । गौरतलब हो कि विभिन्न मामलों में साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्तियों के राशियों को वापस कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा साइबर थाना की टीम को दिशा निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा 38 व्यक्तियों की कुल 35 लाख 79 हजार 791 रुपये वापस कराए गए। पीड़ित अमित गुलाटी ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा भेजे गए अंजान लिंक पर क्लिक करने से उनके खाते कुल 19 लाख रुपये की ठगी कर ली गई थी, पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उनकी कुल 10.6 लाख रुपए वापस कराये गये। इसी प्रकार राजेश कुमार गुप्ता से साइबर ठगो द्वारा लालच देकर 5.72 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी उनकी सम्पूर्ण राशि को पुलिस द्वारा वापस कराया गया। संजय साहू, जिनकी 2.31 रुपये की साइबर ठगी की गई थी, की सम्पूर्ण राशि बरामद कराई गई। सभी पीड़ितों ने साइबर ठगी की राशि वापस कराने के लिए पुलिस का हृदय से धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गई कुल धनराशि-**

- 38 पीड़ितो के कुल 35 लाख 79 हजार 791 रुपये।



